कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री अर्जुन मीना निवासी ग्राम प्यारीवास पोस्ट मानपुरिया तहसील नांगल राजावतान जिला दौसा राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान जिला दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 05/2022

निर्णय

दिनांक 02.02.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र कमांकःडीएम कोर्ट/2022/128 दिनांक 18.01.2022 के द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार नांगल राजावतान जिला दौसा द्वारा पत्र कमांकःआरटीआई/2022/15 दिनांक 01.02.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना भिजवाते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध करा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.03.22 16:32:54 IST
Reason: SelfAttested